पत्रांक : केन्द्रीय (मा०)–357/23 – के०- 1134

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक : 19/06/2024

**विषयः माह जून, 2024 में कक्षा 09वीं एवं 10वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा आयोजित करने के संबंध में आवश्यक सूचना।**

**प्रसंगः** शिक्षा विभाग की अधिसूचना सं0 09/विविध–62/2023–889, पटना, दिनांक 05.12.2023

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय अधिसूचना के अनुसार राज्य के माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 09वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए मासिक परीक्षा आयोजित किए जाने का निर्णय संसूचित है। मासिक परीक्षा विद्यालय के स्तर पर संचालित होगी। कक्षा 09वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए माह जून, 2024 की मासिक परीक्षा दिनांक 24.06.2024 से 26.06.2024 तक आयोजित होगी। परीक्षा का कार्यक्रम निम्नवत् हैः–

**Programme**
**Secondary Monthly Examination (Theory), 2024**
**Month - June** (For Class IX & X)

| परीक्षा की तिथि/दिन | प्रथम पाली (First Shift) | द्वितीय पाली (Second Shift) |
|---|---|---|
| **24.06.2024 (सोमवार)** | मातृभाषा<br>(101-हिन्दी, 102-बंगला, 103-उर्दू एवं 104-मैथिली)<br>(पूर्वाह्न 06:30 बजे से पूर्वाह्न 08:00 बजे तक) | द्वितीय भारतीय भाषा<br>(105-संस्कृत, 106-हिन्दी 107-अरबी, 108-फारसी, एवं 109-भोजपुरी)<br>(पूर्वाह्न 08:30 बजे से पूर्वाह्न 10:00 बजे तक) |
| **25.06.2024 (मंगलवार)** | **112–विज्ञान**<br>(पूर्वाह्न 06:30 बजे से पूर्वाह्न 08:00 बजे तक)<br>**125–संगीत**<br>**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए)**<br>(पूर्वाह्न 06:30 बजे से पूर्वाह्न 08:00 बजे तक) | **111–सामाजिक विज्ञान**<br>(पूर्वाह्न 08:30 बजे से पूर्वाह्न 10:00 बजे तक) |
| **26.06.2024 (बुधवार)** | **110-गणित**<br>(पूर्वाह्न 06:30 बजे से पूर्वाह्न 08:00 बजे तक)<br>**126–गृह विज्ञान**<br>**(केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए)**<br>(पूर्वाह्न 06:30 बजे से पूर्वाह्न 08:00 बजे तक) | **113-अंग्रेजी (सामान्य)**<br>(पूर्वाह्न 08:30 बजे से पूर्वाह्न 10:00 बजे तक) |

**2.(i)** मासिक परीक्षा के अन्तर्गत सैद्धान्तिक विषयों की परीक्षा आयोजन हेतु गोपनीय एजेंसी द्वारा दिनांक **20.06.2024 से 22.06.2024** तक की अवधि में गोपनीय प्रश्न–पत्र आपके कार्यालय में प्राप्त कराया जाना संभावित है। इसलिए यह आवश्यक है कि गोपनीय मुद्रक के प्रतिनिधि द्वारा आपूरित प्रश्न–पत्र प्राप्त कर एजेंसी प्रतिनिधि को प्राप्ति रसीद दे दिया जाए तथा प्रश्न–पत्र को अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखवा लिया जाए।

**(ii)** आपूरित गोपनीय सामग्री को दिनांक **22.06.2024** तक अपने जिलान्तर्गत सभी मान्यता प्राप्त माध्यमिक स्तर के विद्यालयों के प्रधान अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अनिवार्य रूप से प्राप्त कराने की व्यवस्था सहित सभी आवश्यक कार्रवाई ससमय कराना सुनिश्चित कराएँगें। साथ ही विद्यालय के प्रधान/उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि को अपने स्तर से स्पष्ट निदेश देंगे कि किसी भी परिस्थिति में इसकी गोपनीयता भंग न हो पाए। गोपनीय सामग्रियों के सुरक्षित संधारण की सम्पूर्ण जवाबदेही विद्यालय के प्रधान की होगी।

**(iii)** विद्यालय के प्रधान का यह दायित्व होगा कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय से **दिनांक 22.06.2024** तक अचूक रूप से स्वयं अथवा विधिवत प्राधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से प्रश्न–पत्र प्राप्त करेंगे तथा मासिक परीक्षा से संबंधित सूचना विद्यालय के सूचनापट्ट एवं वर्ग शिक्षक के माध्यम से भी अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

**3.** सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने विद्यालय से मासिक परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों की मासिक परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम निम्नांकित प्रारूप में दिनांक **30.06.2024** तक अनिवार्य रूप से तैयार करना/कराना सुनिश्चित करेंगे।

**कक्षा 09वीं एवं 10वीं के माह जून, 2024 की मासिक परीक्षा, 2024 का प्राप्तांक प्रविष्टि प्रारूप –**

**School code:-**
**School Name:-**

**(i)** **सामान्य (General) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र :**

| SL. NO. | ROLL NO. | CLASS | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | AGGREGATE | RESULT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MIL | SIL | MAT | SCI | SSC | ENG | | |
| 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |

**(ii)** **दृष्टिबाधित (Visually Impaired/Blind) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र :**

| SL. NO. | ROLL NO. | CLASS | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | AGGREGATE | RESULT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MIL | SIL | H.SCI | MUS | SSC | ENG | | |
| 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |

**विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर**

**4.** वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है अपने जिला अवस्थित विद्यालय के प्रधान की बैठक (अथवा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से) आहूत कर उन्हें मासिक परीक्षा आयोजित करने तथा परीक्षा परिणाम दिनांक **30.06.2024** तक तैयार करने के संबंध में निदेशित करेंगे। मासिक परीक्षा के आयोजन के समय किसी विद्यालय की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो तथा परीक्षा के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त विद्यालय से निलम्बित/रद्द वाले विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध कर मासिक परीक्षा में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

विश्वासभाजन

19.06.24

परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक),
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

19/6/24

Letter C1_24_498

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–357/23 –के०-1134/ पटना, दिनांक : 19/06/2024

**प्रतिलिपिः** 1. उप निदेशक, आई0टी0 (मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अपने निगरानी एवं पर्यवेक्षण में उक्त के आलोक में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए। यह भी अनुरोध है कि विद्यार्थियों, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), जिला शिक्षा पदाधिकारी की जानकारी हेतु इस पत्र की प्रति समिति के वेबसाइट एवं BSEB Mobile App पर अपलोड कर दिया जाए ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित्त आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

उनसे यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार इसकी सूचना राज्य के सभी विद्यालयों को ई–मेल/ WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना विद्यालयों के प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाएगी। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए।

2. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

19.06.24

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक),**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना।

19/06/24 19/6/24

Letter C1_24_499